
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]


# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships




## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon
And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in
**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### सीएम व मंत्रियों ने सांसद बनने पर बृजमोहन को किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनको सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, श्री अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री से मिला आईएएस एसोसिएशन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पिंगुआ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और आईएएस एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना आर. मौजूद रहे।

### हत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराने धनेंद्र ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की है कि 12 जून को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पारागांव की रेत खदान के खनन क्षेत्र में ही समीप के ग्राम घोंट निवासी राजेश यादव की कुछ लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। घटना में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

### सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले किस मुंह से जांच की मांग कर रहे

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार आगजनी मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया कि अपने शासनकाल में तमाम संघीय ढांचे को तहस-नहस करने पर आमादा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित किया था, अब किस मुंह से कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है? उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाकर आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता रहा।

### एनएसयूआई, यूथ व महिला कांग्रेस घेरेगी गृहमंत्री निवास

**रायपुर।** एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस द्वारा गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव किया जाएगा। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी, लगातार बढ़ते अपराधिक मामलों वा लचर व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह घेराव किया जा रहा है।

### धान का समर्थन मूल्य सिर्फ 2300 रुपए करना किसानों के साथ विश्वासघात

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, जो कि किसानों की भावनाओं के साथ कुठाराघात है। किसानों से वोट लेते समय आमदनी दोगुना करने की बात करते हैं, वहीं जब धान का मूल्य निर्धारण करते समय मात्र 117 रुपये की वृद्धि करते हैं। राज्य में 3100 रुपया क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है।

### कांग्रेस ने बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर एआईसीसी ने एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। राज्य में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए कांग्रेसी नेता छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस नेताओं से बात कर यह जानने का प्रयास करेंगे।

# टेंडर में गड़बड़ी, निर्माण में लापरवाही, पांच अफसर-कर्मी सस्पेंड

**डिप्टी सीएम साव के अनुमोदन पर कार्रवाई, प्रभारी सीएमओ, उप अभियंता, लेखापाल शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है।

### इसलिए लेखापाल हुआ सस्पेंड

घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान कराने के लिए लेखापाल जयानंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन सभी अधिकारियों का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### जमीन का सत्यापन नहीं, सड़क बना दी

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।



### प्रभारी सीएमओ पर कार्रवाई

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### दो उपअभियंताओं ने की गड़बड़ी

विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने, निर्माण के दौरान परीक्षण हेतु क्युब नहीं लेने, निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान करने की अनुशंसा के लिए तत्कालीन उप अभियंता प्रदीप पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

**आयोजन**

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योग दिवस पर सम्मान समारोह**

# जीवन की परेशानी-तनाव को योग से किया जा सकता है दूर: विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा





लोगों के जीवन की परेशानी एवं तनाव लगातार बढ़ रही है, जिसको योग के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान में हर दिन विशेष मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खुश और शांत होने के लिए आदमी को योग करना चाहिए। स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। हम सभी को योगाभ्यास करना चाहिए, तभी अच्छा कार्य कर पाएंगे।

- बच्चों ने प्रस्तुति के माध्यम से दिया संदेश

उक्त कथन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने जिला मुख्यालय में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योग दिवस के अवसर पर पत्रकारों के सम्मान समारोह में कहा। उन्होंने कहा कि जीवन में लगातार परेशानी एवं तनाव बढ़ रहा है। शांति होने की शक्ति योग के माध्यम से मिलती है। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वाले जेल में भी जाकर वहां के लोगों को जागरूक करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 177 देश के सामने योग के महत्व के बारे में अपनी बात रखी। उसके बाद हर वर्ष 21 जून को योग दिवस विश्व स्तर पर मनाया जाने लगा। जिले में एक परसेंट भी वन नहीं है इसलिए सबको पौधारोपण करना चाहिए। इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया। राज्य स्तर योग प्रभारी ममता साहू ने योग के बारे में जानकारी देते हुए कुछ योगाभ्यास भी कराया। गंगा अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किया।

### सकारात्मकता सबकी जरूरत: शशि दीदी

ब्रह्माकुमारी संस्थान के संचालिका शशि दीदी ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा यदि शरीर को स्वस्थ बनाना है तो पानी भोजन के साथ आराम की जरूरत पड़ती है। इस तरह मन की भोजन के लिए आध्यात्मिक ज्ञान जरूरी है जिसका प्रभाव शरीर के साथ परिवार एवं समाज पर भी होता है। नकारात्मक व्यक्ति आगे नहीं बढ़ सकता। जैसे पढ़ते हैं वैसे ही बात करते हैं और वैसे हम होते हैं। हमारा कर्म होते हैं इसलिए पॉजिटिव संकल्प लेना चाहिए। मीडिया वालों के लिए यह बहुत जरूरी है। सकारात्मक सब की जरूरत है। खाली हाथ भले आते हैं लेकिन जो कर्म है और जो संस्कार हैं उसे ही लोग याद करते हैं।

### बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन, हुए पुरस्कृत

योग दिवस के एक दिन पहले पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पर्यावरण की रक्षा के लिए बहुत सुंदर प्रेरणादायक शिक्षा पद एवं मनन योग्य नाटक का मंचन किया। जिससे खुश होकर संसदीय सचिव मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना ने नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### सब का अंतिम लक्ष्य शांति प्राप्त करना है: बाफना

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा जिस धर्म के मानव जीवन की सभ्यता, संस्कृति पर बाहरी आक्रमणकारियों ने लगातार हमला कर नष्ट करने का प्रयास किया। यहां की सभ्यता, संस्कृति इतिहास इतनी महत्वपूर्ण एवं गहरी है कि वह आज भी जिंदा है। नासा के वैज्ञानिक ने भारत के सभ्यता संस्कृति का मजाक उड़ाते थे किंतु बाद में जब रिसर्च किया तो सब सामने आया है। अब सब इसको मान रहे हैं। सब का अंतिम लक्ष्य शांति प्राप्त करना है। जिसके लिए आधुनिक युग में भी आध्यात्मिकता कूट-कूट कर भरा जाना चाहिए। निरोगी रहना है तो योग के अलावा और कोई उपाय नहीं है। बाफना ने कहा कि जब तक शरीर सुखी नहीं है तो पैसा धन सब बेकार है। विश्व में भारत के न्यायपालिका व्यवस्थापिका एवं विधायकों के साथ मीडिया का जो महत्व है वह गौरांवित करता है।

### मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्बुलेंस वाली दीदी के नाम से जनता के बीच लोकप्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर में उनके द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ किया। जनसेवा के प्रति उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें और पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई दी। पिछले 10 वर्षों से समाज सेविका के रूप में भावना बोहरा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनहित के कार्य कर रही हैं। इन 5 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत के साथ ही उनके द्वारा अब तक 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब और महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज से घर आने-जाने के लिए 3 नि: शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने का जो उद्देश और मार्ग उन्होंने चुना है, वह भाजपा की नीति और संस्कार को प्रदर्शित करता है।

# मुख्यमंत्री ने किया एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, राज्य नीति आयोग विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय, नवा रायपुर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के बाद सतत विकास लक्ष्य जिला स्तर तक स्थानीयकरण एवं सतत प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार की गई एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023. एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' का विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह द्वारा इस अवसर पर जानकारी दी गई कि राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार किये गये ''एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023.'' के 82 इंडिकेटर एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' के 275 इंडिकेटर में प्रगति के आधार पर विभाग एवं जिला कलेक्टर व विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के प्रगति का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं अनुशीलन कर सकेंगे। रिपोर्ट में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबधी इंडिकेटर में प्राप्त प्रगति के आधार पर जिलों को 'स्कोर' व 'रैंकिंग' प्रदाय की गई है। रिपोर्ट अंतर्गत जिलों की प्रगति के डाटा को आई.टी. प्लेटफार्म 'एसडीजी डैशबोर्ड' के माध्यम से भी देखा जा सकता है, जिससे संबंधित विभाग एवं प्रत्येक जिला समय-समय पर तुलनात्मक प्रगति से अवगत होकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं।

### शामिल हुए मंत्री और अधिकारी

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सहित राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सचिव, नीति, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अंकित आनंद, डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक, राज्य नीति आयोग भी उपस्थित थे।

### पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल और छत्तीसगढ़ मित्र द्वारा पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह पर एक दिवसीय बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर को सप्रे सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर ने कहा कि पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई और इसका श्रेय पं माधवराव सप्रे को जाता है। उन्होंने कहा कि मराठी भाषी होने के बाद भी वे हिंदी और हिंदी प्रदेश के लिए समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय नक्शे पर लाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। अनेक विधाओं के माध्यम से सप्रे जी ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। साहित्यिक पत्रिका समाज को दिशा निर्देश दिया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा, समारोह के अध्यक्ष डॉ सुशील त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डा चित्तरंजन कर, प्रो अनिल कालेले, पत्रकार रवींद्र ठेंगड़ी, समीर दीवान, डा रामकुमार बेहार, अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के खाली पदों पर भर्ती शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के पद कई जिलों में खाली हैं। इन पर भर्ती के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

- 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए
- बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली

बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली हैं। इनमें गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा जिला शामिल हैं। इन सभी जिलों में सदस्य के 4-4 पद भी भरे जाने हैं। इनके अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव, और महासमुंद में भी चार पद भरे जाने हैं। कुल मिलाकर अध्यक्ष के 7 और सदस्यों के 28 पदों पर भर्ती की जानी है। अध्यक्ष और सदस्यों को मानदेय के रूप में प्रति बैठक दो हजार रुपए दिए जाएंगे।

किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों के पद गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा तथा रायपुर में खाली है। इन आठ जिलों में कुल 14 सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जानी है। इन्हें भी प्रति बैठक दो हजार रुपए के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड में महिलाओं के लिए एक-एक पद रखा गया है।

### ये योग्यता होगी आवश्यक

किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 35 साल और 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, या बालक कल्याण के क्रियाकलापों में बालकों के साथ काम करने का कम से कम सात साल का अनुभव होना चाहिए। वे बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या समाज विज्ञान, विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यावसायरत होने चाहिए। इसी प्रकार बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिए न्यूनतम आयु 35 साल अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। इसके साथ ही बाल मनोविज्ञान, मनोचिकित्सा, कानून, सामाजिक कार्य या समाज शास्त्र या मानव स्वास्थ्य, शिक्षा, मानव विकास, दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षा में डिग्री होनी चाहिए। साथ ही बालकों से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा या कल्याण गतिविधियों में सात साल का अनुभव होना चाहिए।

# यूथ कांग्रेस ने किया 55 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह शिविर रखा गया था। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के 55 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इसमें शामिल हुए एवं कार्यकर्ता और पदाधिकारी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर एक अच्छी पहल है। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, राहुल गांधी संविधान की रक्षा करने के लिए देश में यात्रा कर चुके हैं। कार्यकर्ताओं की कोशिश है कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

# निकाय चुनाव की तैयारी तेज, लेकिन निर्वाचन आयुक्त पद अब तक खाली

### आयुक्त को ही निर्णय का अधिकार

राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नगरीय निकायों व पंचायत के निर्वाचन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार राज्य निर्वाचन आयुक्त के पास होता है। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली होने के कारण निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने सभी निकायों में परिसीमन कराने का आदेश जारी कर दिया है, लेकिन राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद पिछले आठ माह से रिक्त है। चुनाव कराने से पहले सरकार को इस पद पर नियुक्ति जल्द करनी होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद नवंबर से खाली है।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे ठाकुर राम सिंह के कार्यकाल में सरकार ने वृद्धि की थी। नवंबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया। तब से यह पद रिक्त है, नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके बाद पंचायत चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में कराने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। ऐसे में सबसे पहले इस पद पर नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय विभाग द्वारा निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले चरण में 18 जुलाई तक सभी निकायों का परिसीमन कराने का परिपत्र विभाग ने जारी किया है। परिसीमन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी करना होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद रिक्त होने के कारण यह कार्य प्रभावित होगा। ऐसे में सरकार को जल्द किसी सेवानिवृत्त आईएएस की नियुक्ति इस पद पर करनी होगी।

- परिसीमन के लिए नगरीय निकाय का परिपत्र जारी
- परिसीमन के बाद मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया निर्वाचन आयुक्त ही शुरू करेंगे




### इन नामों की चर्चा

राज्य के नए निर्वाचन आयुक्त के लिए दो आईएएस अफसरों का नाम चर्चा में है। इनमें रिटायर आईएएस डीडी सिंह और संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग का नाम चर्चा में है। डीडी सिंह 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद से संविदा पर काम कर रहे हैं। श्री अलंग जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके पास जिला और संभाग में रहते हुए चुनाव कराने का लंबा अनुभव है। राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति 6 साल या 66 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तब की जाती है।

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 सिकल सेल कुंडली मिलान करके करें विवाह





12 जीवन की परेशानी-तनाव को योग से किया जा ...




## खबर संक्षेप

### पीपीटी परीक्षा 23 को

**बेमेतरा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 को प्रातः 9 बजे से 12:15 बजे तक पीपीटी-2024 आयोजित किया जाएगा है। जिला अंतर्गत कुल 737 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिले में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया रांका, प्रेरणा विद्यालय कठिया बेमेतरा, शासकीय हाईस्कूल लोलेसरा, शासकीय माध्यमिक स्कूल पिकरी बेमेतरा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें। व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

### स्कूल की बाउंड्रीवाल को दिया ट्रेन का लुक

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में जन सहयोग से विद्यालय में विकास की धारा बह रही है। इसी क्रम में ग्राम सिर्री के बालमुकुंद बघेल द्वारा स्वप्रेरणा से स्कूल के परकोटे में शिक्षा एक्सप्रेस का निर्माण करवाया गया है, ताकि बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर सकें। चित्रकला के रुप में शिक्षा एक्सप्रेस देख ग्राम सरपंच निर्मला पाटिल, शाला विकास समिति अध्यक्ष चेतन लाल जांगड़े, प्रधान पाठक आदित्य नाथ गजपाल, शिक्षक रामदीन देशलहरा, सुकुरमुनी प्रधान, दुकेश मारकंडे, कनक सिंह, तालसिंह डाहरे, मनीष सिंह, गोकुल यादव व ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सांसद भोजराज आज गुंडरदेही में

**गुण्डरदेही।** कांकेर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 21 जून शुक्रवार को सुबह 11 बजे पहली बार गुण्डरदेही पहुंचेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार सांसद भोजराज नाग सुबह 11 बजे रेस्ट हाउस गुण्डरदेही पहुंचेंगे। उसके बाद रेस्ट हाऊस से सदर रोड, धमतरी चौक होते हुए सामुदायिक भवन पहुंचेंगे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट मुलाकात कर आभार व्यक्त करेंगे।

# जिले में देर शाम जमकर बरसे बदरा, गर्मी व उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गुरुवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। इससे बेमेतरा शहर का तापमान सामान्य से कम हो गया। इसके साथ ही लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बुधवार को 36 डिग्री तापमान रिकार्ड दर्ज हुआ था।

बेमेतरा में पिछले तीन दिन से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। मंगलवार को बारिश के बाद बुधवार को तापमान सामान्य से कम रहा, लेकिन गर्मी और उसम से लोगों को राहत नहीं मिली थी। शाम से लेकर रात तक बादल छाए रहे। लेकिन बारिश नहीं हुई थी। बुधवार को दिन भर धूप की आंख मिचौली का क्रम जारी रहा। शाम से लेकर रात तक बादल छाए रहे। ऐसा लग रहा था कि जोरदार बारिश हो सकती है। लेकिन, बारिश नहीं हुई।

**अगले 24 घंटे में हो सकती है बारिश:** मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होने की संभावना है। अगले 24 से 48 घंटों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ वर्षा का क्रम शुरू होगा। किसानों और स्थानीय निवासियों को सलाह दी गई है कि वे सावधान रहें और सुरक्षा के उपाय करें। बिजली की चमक, तेज हवाओं के चलते पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

## तीन दिन से जारी है मौसम में उतार-चढ़ाव



### दामिनी और मेघदूत एप से ले सकते हैं मौसम की जानकारी

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को आकाशीय बिजली से निपटने के संबंध में जागरूकता लाने के लिए पत्र जारी किया गया है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस संबंध में जागरूकता लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है, कि मानसून के दौरान आए दिन आकाशीय बिजली गिरने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि जन समुदाय में आकाशीय बिजली की घटनाओं से निपटने के लिए भारत सरकार के दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान (20-31 किलोमीटर का दायरा) आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह मेघदूत एप के माध्यम से किसान अपने क्षेत्र के मौसम जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन दोनों एप को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है।

## हादसा : गुरुवार सुबह चंदनु थाना क्षेत्र के भदराली गांव के पास दुर्घटना

# अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस परिचालक की मौत, आठ घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

चंदनु थाना क्षेत्र के भदराली गांव के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कंडक्टर की मौत हो गई, वहीं 8 यात्री घायल हो गए। घायलों को नवागढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ एक मरीज की गम्भीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। फिलहाल चालक फरार है एवं हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह गुरुकृपा ट्रेवल्स की मिनी बस भाठापारा से यात्रियों को लेकर नवागढ़ आ रही थी। इस दौरान सुबह करीब 08.30 बजे ग्राम भदराली और पिरैया के बीच मेन रोड से बस अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। चूंकि बस कंडक्टर साइड में पलटी थी, इसलिए बस में दब कर सुकुल पारा नवागढ़ निवासी कंडक्टर संतोष यादव पिता फत्ते यादव उम्र 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 8 यात्री घायल हो गए। इस दुर्घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों की मदद से खिड़कियों की ओर से किसी तरह बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना पर चंदनु पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से नवागढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद मृतक संतोष का शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

## घायलों को नवागढ़ के सरकारी अस्पताल में कराया गया भर्ती, एक गंभीर जिला अस्पताल रेफर

### अचानक बेकाबू हो गई बस

घायल दिनेश ने संवाददाता से बातचीत में बताया कि बस लगभग 60 से 70 की रफ्तार में आ रही थी। तभी अचानक सड़क पर गड्ढा आया और वहां से बस बेकाबू हो गई। वाहन चालक ने बस को रोकने प्रयास किया, लेकिन बस खेत में जाकर पलट गई। कुछ लोग स्टेरिंग फेल होने की बात कह रहे हैं, लेकिन अभी वास्तविकता सामने नहीं आई है।

### अस्पताल पहुंचे अधिकारी

घटना की जानकारी मिलते ही नवागढ़ एसडीएम मुकेश गोड़, नांदघाट तहसीलदार जयंत पटले, बीएमओ डॉ एमएम रज़ा, नवागढ़ नायब तहसीलदार सुमित देवांगन, पटवारी दिनेश ठाकुर सहित प्रशासनिक अमला नवागढ़ अस्पताल पहुंचा। जहां एसडीएम गोड़ ने घायलों की जानकारी ली और चिकित्सकों को यथासंभव बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। दिनभर प्रशासन की टीम अस्पताल में बनी रही और अपडेट जिला प्रशासन तक पहुंचाते रहे।

### घायलों में ये शामिल

घायलों में शिवकली पति उत्तरा उम्र 29 साल, शिवम पिता उत्तरा उम्र 06 साल, गोपाल पिता उत्तरा उम्र डेढ़ साल तीनों ग्राम कोलिहा भाठापारा निवासी हैं। इसी तरह जगत निषाद पिता रामरतन उम्र 70 साल निवासी ग्राम मऊ, रेखा भारती पति नंदकुमार उम्र 33 साल निवासी ग्राम बाराडेरा, मनमोहन सिंह पिता रामकमल उम्र 16 साल निवासी ग्राम चरगंवा, शुकवारो पति जैतलाल उम्र 60 साल निवासी ग्राम अड़बंधा एवं अमरजीत पति दिनेश उम्र 35 साल निवासी ग्राम नांदघाट से हैं। इसमें दिनेश के हाथ की हड्डी टूट गई है, जिसके कारण उन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### सड़कों पर दौड़ रहीं कई अनफिट पुरानी बसें

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में निजी बस संचालकों द्वारा कमाई की होड़ में यातायात नियमों की अनदेखी से अक्सर लोगों की जान जा रही है। शहरी व ग्रामीण सड़कों पर जिम्मेदारों की बेफिक्री से अनफिट व जर्जर बस धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। जिसका नतीजा यह है कि हर साल सैकड़ों लोगों की जान जाती है और कई लोग दिव्यांग हो जाते हैं। क्षेत्र के हर मार्ग पर अनफिट पुराने बसों की संख्या भी कम नहीं है। इन बसों की स्थिति ऐसी है कि हॉर्न को छोड़कर कर सारे पुर्जे बजते रहते हैं। वाहनों के फिटनेस जांच की ओर विभाग ध्यान ही नहीं दे रहा, जिसके चलते आकर स्टेरिंग फैल अथवा ब्रेक फैल जैसी दुर्घटनाएं होती रहती है।

### हादसे के शिकार लोगों को दिया जाएगा मुआवजा

हादसे में एक की मृत्यु तथा 08 घायल हुए हैं। फ़िलहाल घायलों की हालत स्थिर है। प्रशासन पल-पल की अपडेट ले रहा है। हादसे के शिकार लोगों को प्रशासन द्वारा नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही अनफिट बसों की जांच के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया जाएगा।

- **मुकेश गोड़**, एसडीएम नवागढ़

# सींवार स्थित नाले में मिली तीन दिन से लापता व्यक्ति की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



- 17 जून की रात अपने घर से निकला था ग्राम सांकरा निवासी मोतीलाल
- पुलिस ने कहा धारदार हथियार से वार कर की गई है हत्या, मामला दर्ज

बेरला थाना के अंतर्गत ग्राम सींवार में हत्या का मामला सामने आया है। वहीं, घटना से गाँव में दहशत का माहौल बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सांकरा निवासी मोतीलाल साहू उम्र 44 वर्ष पिता स्व अलखराम साहू 17 जून को रात लगभग 8 बजे अपने घर से निकले थे, जिसके बाद घर नहीं लौटे। वहीं, उनकी लाश 20 जून को बेरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सींवार स्थित बाल कछार नाला में मिली।


सुबह ग्रामीणों ने नाला में लाश देखने पर इसकी सूचना ग्राम पंचायत सींवार सरपंच को दी। उसके बाद सरपंच व कोटवार ने थाना बेरला पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर बेरला पुलिस घटना स्थल पहुंची। वहीं बेरला थाना पुलिस की मौके पर की गई। जांच में मृतक मोतीलाल साहू के शरीर पर धारदार हथियार के कई निशान हैं। पुलिस ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से मृतक के पेट में कई बार वार किया है, जिसके कारण उनकी मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर पंकज वर्मा टीम द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### खबर लगते ही मौके पर पहुंचे एसपी

हत्या कर शव नाला में फेंके जाने की घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू स्वयं भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान बेरला थाना प्रभारी मयंक मिश्रा, एसडीओपी तेजराम पटेल सहित बेरला थाना पुलिस टीम मौजूद रही। घटनास्थल का निरीक्षण किए जाने के बाद पुलिस ने कहा कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की गई है। मामले की जांच बेरला थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज कृषि उपज मंडी परिसर में होगा जिलास्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




- प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक योग के विभिन्न आसनों का किया जाएगा अभ्यास

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज 21 जून को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 07 बजे से 8 बजे तक किया जा ए गा । जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक दिपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू होंगे।

कलेक्टर ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा है। इस वर्ष की थीम ''एक विश्व एक स्वास्थ्य" रखा गया है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों जिला स्तर के अलावा जनपद पंचायत, नगर पंचायत के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधीश ने योग अभ्यास क्रम पुस्तिका के अनुसार योगासनों का अभ्यास एवं प्रदर्शन करने सभी अधीनस्थ कार्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों पर प्रोटोकॉल के तहत करने और सभी विभाग प्रमुखों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा है। कलेक्टर ने स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास अपनाने तथा योग दिवस पर सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित जिलेवासियों से योगाभ्यास में शामिल होने अपील की है।

## कलेक्टर ने स्थल चयन के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

# अब निर्धारित स्थान पर ही कर सकेंगे विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बैठक में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्थल चयन पर बनी राय

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भविष्य में आयोजित होने वाले विरोध धरना और प्रदर्शन के लिए उचित स्थान का चयन करना था।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि धरना और प्रदर्शन लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इन्हें अनुशासन और कानून के दायरे में रहकर आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही स्थान का चयन करने से न केवल प्रशासन को सुविधाजनक होगा, बल्कि आम जनता को भी कम असुविधा होगी। बैठक में भाजपा से ओम प्रकाश जोशी (जिला अध्यक्ष ), राजेंद्र शर्मा, मोंटी साहू, योगेश वर्मा, कांग्रेस से बंशीलाल पटेल, ऋषि वर्मा के अलावा शशांक बारले, नीलेश साहू, सूरज कुमार, लुकेश वर्मा और ज़िला प्रशासन के अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकित गर्ग, एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर सहित उपस्थित थे।



### नियमों के पालन का आश्वासन

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने भी अपनी राय और सुझाव प्रस्तुत किए। अंततः सर्वसम्मति से कुछ स्थानों का परीक्षण एवं निरीक्षण कर चयन किए जाने पर विचार हुआ। परीक्षण एवं निरीक्षण और आमजन को कोई असुविधा ना हो इन सब बातों को ध्यान में रख कर निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद ही निर्धारित स्थल पर ही भविष्य में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। बैठक में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। प्रतिनिधियों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे नियमों का पालन करेंगे। इस निर्णय से बेमेतरा में आगामी आंदोलनों को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

### धरना-प्रदर्शन की पूर्व सूचना आवश्यक

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सुरक्षा और यातायात संबंधी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कई बार बिना पूर्व सूचना के विरोध, धरना-प्रदर्शन होने से यातायात व्यवस्था और आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि विरोध, धरना और प्रदर्शन के लिए कुछ स्थायी स्थानों का चयन किया जाएगा, जहां कानून-व्यवस्था को बनाए रखना आसान होगा। इसके अलावा, विरोध, धरना-प्रदर्शन की सूचना पूर्व में देना अनिवार्य होगा, ताकि प्रशासन उचित प्रबंध कर सके।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हैं पीएम मोदी : डॉ मोना

**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही सबसे पहले 3 करोड़ आवास एवं किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किश्त की राशि जारी की। इसका लाभ करीब 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसानों को मिला है। उक्त बातें महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने बालोद जिले के सभी किसानों को इसकी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री किसान हितैषी हैं, वे सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हैं, जिससे हमारा देश एक विकसित भारत के ओर अग्रसर हो। साथ ही साथ महिलाओं को महतारी वंदन की चौथी किश्त मिलने की बधाई भी दी है। डॉ टुवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जो कहा, वो कर दिखाया और महिलाओं बहनों को सम्मान दिया और उन्हें सशक्त बनाने की ओर अग्रसर हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** हेल्पर को बाइक से घर छोड़ने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम बघेरा दुर्ग निवासी सालिकराम साहू ने शिकायत किया है कि अमित कुमार साहू 18 जून को अपने हेल्पर आनंद निषाद को ग्राम कोलिहापुरी अपनी बाइकर 08 एफ 6837 में छोडने गया था। घर वापस आते समय वृद्धा आश्रम के सामने पीछे से आ रही बाइक सीजी 07 एसी 3651 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते वाहन चलाते हुए। ठोकर मार दिया हादसे में अमित को सिर पर गंभीर चोटे आई।

### मैनेजर के मकान से 12 लाख की चोरी

**भिलाई।** एनएसपीसीएल कंपनी मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामन पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एनएसपीसीएल कालोनी निवासी सरफाराज आलम एनएसपीसीएल में मैनेजर के पद पर पदस्थ है। 15 जून को मैनेजर अपने परिवार के साथ आसनसोल पश्चिम बंगाल गया था। 17 जून की सुबह पीड़ित के सहयोगियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी कि मकान का दरवाजा खुला पड़ा है। 18 जून को अपने घर लौटने पर पीड़ित ने चेक करने पर देखा कि मकान से अज्ञात ने सोना, चांदी के जेवरात जिसमें सोने का नेकलेस , मांग टीका , नथ , ईयर रिंग , पेन्डेंट , लेडिस रिंग, जेन्ट्स रिंग , बच्चों का रिंग , चुड़ी एक जोड़ी कुल वजन 150 ग्राम समेत इम्पोर्टेड घड़ी गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत कुल 12 लाख रुपए आंकी गई है।

### नवीनीकरण के लिए 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में शेष रह गए प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि नवीनीकरण के लिए शेष रह गए राशन कार्डधारी अपने निकट के शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं पंचायत में संपर्क कर 30 जून तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निरीक्षण : जिला चिकित्सालय में सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर ने दी सलाह**

# सिकल सेल कुंडली मिलान करके करें विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्व. चेतन सिंह वर्मा 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में जिला स्वास्थ्य समिति, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विश्व सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

- विधायक, कलेक्टर और एसपी ने करवाई सिकलसेल जांच

इस अवसर पर लोगों को सिकल सेल रोग के लक्षण, परामर्श, आहार प्रबंधन, क्या करें-क्या न करें से संबंधित पाम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर शर्मा ने भी सिकल सेल जांच करवाई, जो नेगेटिव निकला। इसके साथ ही सभी जनप्रतिनिधि, आये हुये नागरिकों और अधिकारियों कर्मचारियों ने भी अपनी जांच करवाई। कार्यक्रम के अंत में विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सिकल सेल रोग की पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा.अनिल वाजपेयी सीएमएचओ सी.एस.चुरेंद्र, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, लता बंजारे, सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।




**विधायक दीपेश ने बेमेतरा व बेरला में मरीजों की संख्या पर जताई चिंता**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिपेश साहू ने लोगों से सिकल सेल बीमारी को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत जांच कराएं, ताकि इसे फैलने से रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने विकासखण्ड बेमेतरा एवं बेरला में सिकल सेल के धनात्मक मरीजों की संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी समाज के प्रमुखों को अपने समाज में भी सिकल सेल जांच संबंधित प्रचार-प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत सिकल सेल जांच कराने की पहल करने की सलाह दी गई।

**कलेक्टर ने कहा ग्राम पंचायतों में लाएं जागरुकता :** विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि आज बड़ी गंभीर बीमारी को लेकर विश्व में सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकल सेल से संबंधित पाम्पलेट सभी ग्राम पंचायतों में भेजकर जन जागरूकता लाने और फोटो ग्राफस, प्रेस मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल के रोग के लक्षण बताएं और लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने लोगों से आग्रह किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि हमें सिकलसेल के प्रति जागरूक बनना है, ताकि भविष्य में हमें किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

**लक्षण दिखे तो तत्काल जांच कराएं**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चुरेन्द्र ने विवाह पूर्व सिकल सेल कुंडली के मिलान करके विवाह करने की सलाह दी, जिससे भविष्य में नवदम्पत्ति के होने वाले बच्चों को सिकल सेल जैसी अनुवांशिक बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घ कालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और उंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द होना इस रोग का लक्षण है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार कि आदतों में संशोधन करे, शांत चित रहें एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, नियमित रूप से खेल खेलें, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार लें। तेल और वसायुक्त मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुनें।

# सामूहिक चर्चा से रोचक हुआ प्रशिक्षण

## बीआरसी भवन नवागढ़ में हुई एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे चरण की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एफएलएन पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण की द्वितीय चरण की शुरुआत बीआरसी भवन नवागढ़ में हुआ। इस दौरान सोनू राम साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने एफएलएन प्रशिक्षण की उपयोगिता पर अपनी बात रखते हुए पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में इसका परिणाम दिखाई दे, इस तरह से कार्य करें।



सत्र की शुरुआत मास्टर ट्रेनर कुमार वर्मा के द्वारा एनईपी 2020 के संबंध में चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर सुमेंत कुमार खरे ने संतुलित भाषा किसे कहते हैं पर चर्चा करते हुए भाषा के चार माडल को बिंदुवार बताया गया। इस पर सभी शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। इसी बीच डाइट बेमेतरा से राजकुमार वर्मा ने प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने एफएलएन प्रशिक्षण को प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताया। द्वितीय सत्र की शुरुआत मास्टर ट्रेनर पूर्णानंद तिवारी ने मौखिक भाषा पर बातचीत करके की। इस दौरान समूह निर्माण कर सबको कविता,अनुभव,चित्रों पर बातचीत जैसे शब्दों मे प्रशिक्षुओं को प्रश्नों पर आधारित गतिविधि तैयार कर प्रस्तुति करण के लिए आमंत्रित किया गया। सभी समूहों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से उदाहरणों के साथ प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नौ संकुल केंद्र के शिक्षक शिक्षिका सहित अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन प्रतिनिधि के रूप में अंकिता पुरोहित एवं जय प्रकाश उपस्थित रहे।

# देवरबीजा में शुरू हुआ जोनस्तरीय में एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के देवरबीजा जोन स्तरीय में एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। जिसमें जोन स्तरीय से प्राचार्य देवांगन एबीईओ नारायण ठाकुर एवं जोन समन्वयक भगवान सिंह राजपूत द्वारा गया। जोन स्तरीय में आने वाले सभी संकुल के संकुल समन्वयक दुर्गादास चेलक, राजासिंह वर्मा, बीआरजी, डीआरजी एवं जोन के सभी शिक्षक साथी उपस्थित रहे। एफएलएन जोन स्तरीय द्वितीय चरण के इस प्रशिक्षण में कुल 51 शिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य एनएफसी 2020 के तहत 3 से 8 वर्ष तक के सभी बच्चों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करना। इस प्रशिक्षण में शिक्षा का उद्देश्य, भाषा कि बुनियादी दक्षता कक्षा स्तर के अनुरूप बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इस पर मास्टर टेनर्स शिवप्रकास साहू, विजय निर्मलाकर, भवगवान सिंह राजपूत, पवन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एफएलएन नवाजतन, मौखिक भाषा पठन कौशल लेखन, कौशल डिकोडिंग इत्यादी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।



# आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला जज ने ली प्रमुख विभागों की बैठक



**बेमेतरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व निधि शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति में बैंक अधिकारी, विद्युत विभाग अधिकारी, बीएसएनएल अधिकारी तथा नगर पालिका परिषद अधिकारी के अधिकारीगण के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक प्रधान न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में संबंधित विभाग से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन एवं नोटिस तामिली पर चर्चा की गई। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहार्द्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग जयशंकर भटनागर, कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी सुरेन्द्र कुमार साहू, लीड बैंक प्रभारी गजेन्द्र उइके, बीमा अधिवक्ता विजय पाण्डेय, विवेक पाल और सोहन लाल निषाद उपस्थित रहे।

### परपोड़ी में एफएलएन प्रशिक्षण का एसआरजी दीक्षा ने किया निरीक्षण

**बेमेतरा।** राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण विकासखंड साजा के अंतर्गत परपोड़ी जोन में सफलतापूर्वक चल रहा है। दूसरे चरण के दूसरे दिन की कार्यशाला का राज्य स्त्रोत व्यक्ति दीक्षा देवांगन ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही साप्ताहिक एवं वार्षिक कार्ययोजना बनाकर पाठ्यपुस्तक,अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिता के उपयोग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक मन्नू लाल साहू डीआरजी ने पठन कौशल पर विविध गतिविधियां कराईं। डीआरजी डोगेन्द्र कुंजाम ने बुनियादी गणित क्या है के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह डीआरजी सूरज कुंजाम ने आंकलन एवं रेमेडियल कार्य को समझाया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से डीआरजी हुमा नाज ने शुरूआती उच्च स्तरीय लेखन अभ्यास पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सह-प्रशिक्षण प्रभारी सरोज कुमार यदु, तीर्थ कुमार साहू, अजय सिंह राजपूत, कुम्भलाल वर्मा, रामकुमार पाल, एवं श्रीराम साहू, उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में साजा विकासखंड के 15 संकुल के 59 शालाओं के शिक्षक शामिल हो रहे हैं।

# बिना जांच कार्रवाई का सीएसईबी के अभियंताओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के दुर्ग क्षेत्र की बैठक सिविल लाइन जटार क्लब दुर्ग स्थित सभागृह में हुई। बैठक में कंपनी प्रबंधन द्वारा सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता पर कार्रवाई को लेकर विरोध दर्ज किया गया। वहीं, छ.रा.वि.म.पत्रोपाधि, अभियंता संघ दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद जिला के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता की मौजूदकी में संघ ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और ज्ञापन सौंपा।

- सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई बैठक

बेमेतरा विद्युत विभाग के एई एवं संघ के केंद्रीय संगठन सचिव गुलाब राम साहू ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य कनिष्ठ अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं को प्रतिदिन कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं, एवं उपभोक्ता सुविधाओं को बेहतर करना था। बैठक में संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों, दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिला दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद के इंजीनियर बहुत अधिक संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में इंजीनियर राजेंद्र गिरी गोस्वामी, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग क्षेत्र ने इस क्षेत्रीय बैठकों के उद्देश्यों तथा कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी गई।



**तकनीकी कर्मचारियों व सुधार सामग्रियों की कमी**

बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में विद्युत वितरण कंपनी में तकनीकी कर्मचारियों एवं सुधार सामग्रियों की बहुत कमी है, पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है। जबकि हर वितरण केंद्र एवं जोन में विगत वर्षों में उपभोक्ताओं की संख्या लगभग दो गुनी हो गई है सभी जोन एवं वितरण केंद्र में सब स्टेशन एवं नेटवर्क में विस्तार कार्य भी बहुत अधिक हो चुका है। इसके बावजूद कर्मचारियों की कमी एवं संसाधनों की कमी के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में हमारे इंजीनियर साथियों द्वारा जी तोड़ मेहनत कर अपने सप्लाई व्यवस्था को निरंतरता बनाए रखने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं एवं सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त रखे हुए हैं। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ के सदस्यों कनिष्ठ यंत्री एवं सहायक यंत्री पर विद्युत व्यवस्था एवं कार्य पर लापरवाही बता कर एक तरफा कार्रवाई की जा रही है, जिसका संघ विरोध ने किया है। श्री साहू ने इस प्रकार की कार्रवाई तत्काल रोकने की मांग की। वहीं, चेतावनी भी दी कि यदि ऐसी कार्रवाई नहीं रोकी गई, तो संघ द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा। श्री साहू ने यह भी बताया कि कर्मचारियों एवं संसाधन की कमी से प्रबंधन को अवगत कराने के लिए आगे की रूपरेखा तय की गई। कंपनी द्वारा मरम्मत कार्य जैसे कि खराब व जले केबलों को बदलना, टूटे या झुके हुए खम्भों को सीधा कर नया पोल लगाना, समय पर स्वीकृत न होना तथा संभाग में स्वीकृति की सीमा को हटाया जाना चाहिए, स्वीकृति न होने पर फिल्ड में लगातार समस्याओं का बढ़ना एवं भविष्य में दुर्घटना को न्योता देना जैसा है।

**तीन पालियों में उपलब्ध कराएं एफओसी गैंग**

श्री साहू ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वितरण केंद्रों में तीन पालियों में एफओसी गैंग उपलब्ध कराए जाने की मांग की, ताकि शाम एवं रात्रि को विद्युत व्यवस्था बनाए रखना संभव हो सके। बैठक में इंजीनियर श्रीकांत बरगैया प्रांतीय वरिष्ठ सलाहकार, इंजीनियर भूपेश वर्मा प्रांतीय संरक्षक, इंजी राजेन्द्र गिरी गोस्वामी क्षेत्रीय अध्यक्ष, इंजी तनौज मित्रा प्रांतीय संगठन सचिव, इंजी. सीमा बघेल सह संगठन सचिव, इंजी. श्वैता वर्मा सह प्रचार सचिव, इंजी गुलाब राम साहू , इंजी निर्मल करें संयुक्त सचिव, इंजी अनिता रोही, इंजी सुनील बेलचंदन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, इंजी उत्तम सोनी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष एवं छ.रा.वि .म.पत्रोंपाधि. अभियंता संघ दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद जिला के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

**एफएलएन प्रशिक्षण की मानीटीरिंग करने साजा पहुंचे संयुक्त संचालक**

# बच्चों को समझने के बाद ही हम उन्हें अच्छी तरह सीखा सकते हैं : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण 19 जून से 24 जून तक साजा विकासखण्ड के सेजेस साजा में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग आर एल ठाकुर, डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश कुमार चंद्रवंशी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक बीडी बघेल और राज्य स्त्रोत व्यक्ति दीक्षा देवांगन ने निरीक्षण किया। शुरु में बीईओ निलेश चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और पूर्ति के संबंध में जानकारी दी। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर ने प्रशिक्षण में सीखे नवाचार को छात्रों तक शत प्रतिशत लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें बच्चों को पढ़ना है, उन्हें समझना है, कि वह किस वातावरण से विद्यालय आ रहा है। समझकर ही हम उन्हें अच्छी तरह सीखा सकते हैं।




**बच्चों के सीखने के लिए बनाएं अनुकूल व उत्साहजनक परिवेश:** डाइट बेमेतरा के व्याख्याता और प्रशिक्षण में साजा विकासखण्ड प्रभारी थलज कुमार साहू ने कहा कि बच्चों में सीखने की जन्मजात क्षमता होती है। जन्मजात क्षमता के साथ-साथ सीखने के लिए अनुकूल एवं उत्साहजनक परिवेश का होना भी जरूरी है। यह दोनों घटक जन्मजात क्षमता एवं सामाजिक परिवेश साथ मिलकर बच्चों के अनुभव और समझ को बढ़ाते हैं।

बच्चे अपनी समझ और अनुभव को स्वाभाविक रूप से अपने हावभाव के साथ घर की भाषा में सहजता से अभिव्यक्त करते हैं। शिक्षक विद्यालयों में बच्चों के परिवेश उनके अभी तक के अनुभव समझ और उनके घर की भाषा के लिए जगह बनाते हैं और उनका प्रोत्साहन करते हैं। तो उनके सीखने के अनुभव और गति दोनों को बल मिलता है।

**बच्चे जिस भाषा में अच्छी तरह समझें, उसी में समझाएं**

बीआरसी बीडी बघेल ने कहा कि जिस भाषा में बच्चे सबसे अच्छी तरह समझते हैं, उसी भाषा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। मास्टर ट्रेनर्स माखन लाल वर्मा ने भाषा शिक्षण की संतुलित पद्धति की चार मुख्य घटक के बारे में बताया। इस अवसर पर राज्य स्रोत व्यक्ति दीक्षा देवांगन, डीआरजी माखन लाल वर्मा, सुरेश कुमार साहू, मनोज कुमार ध्रुवे, तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नीरज चौहान प्रशिक्षण प्रभारी मुकेश कुमार राजपूत, सुखचैन दास जोशी, और होरी लाल मिर्झा, व्याख्याता विकास मिश्रा, सेजेस के प्राचार्य मनीष वर्मा आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण में साजा विकासखंड के 14 संकुल के समस्त 64 शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

